6th वार्षिकोत्सव विशेषांक
मेरा शहर-मेरी प्रेरणा

# अमृत विचार

बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , बुधवार,3 दिसंबर 2025

## बरेली के प्रमुख समाचार


- सनसनी : संदूक में भरा मिला 8 साल के बच्चे का शव-II
- बीएलओ सर्वेश के बच्चों को 10 लाख का दिया चेक,भाई को मिलेगी नौकरी-III
- बरेली ने जीती अंतर्जनपदीय जोन पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता-IV


**आज का मौसम**

23.0⁰ अधिकतम तापमान

7.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.48

सूर्यास्त 05.15

# बच्चे लेकर बुलडोजर के आगे खड़ी हो गईं महिलाएं, नोकझोंक

## बरातघर की छत पर सालों से निवास कर रहे थे तीन परिवार, कार्रवाई रोकने के लिए परिजन लगाते रहे गुहार

- महिलाओं का रो-रो कर हाल हुआ खराब, कार्रवाई कर रही टीम का नहीं पसीजा दिल
- एक घंटे चला हंगामा, पुलिस ने तीनों परिवारों को पड़ोसियों के घरों में भेजा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पुराना शहर में सुबह से ही पुलिस के जवानों की चहल कदमी आरंभ हुई तो इलाके में चर्चा का माहौल गर्म हो गया। दरअसल, एक दिन पूर्व यानि सोमवार को एवान ए फरहत और गुड लाइफ बरातघर पर कार्रवाई होनी थी, लेकिन बीडीए की टीम के न पहुंचने पर कार्रवाई टल गई। इस पर लोग कयास लगा रहे थे कि मंगलवार को भी कार्रवाई नहीं होगी लेकिन गली के बाहर स्थित एक अन्य बरात घर पर बीडीए की प्रवर्तन टीम सुबह 11 बजे से ही बैठी हुई उच्चाधिकारियों के आदेश का इंतजार कर रही थी। दोपहर एक बजे के करीब बीडीए की टीम मौके पर पहुंची तो हंगामा शुरू हो गया। बरातघर के ऊपर बने आवासों में रहने वाले परिवार बुलडोजर के सामने खड़े हो गए। महिलाएं गोद में बच्चे लेकर कार्रवाई का विरोध करने लगीं। इस दौरान काफी धक्का-मुक्की भी हुई, लेकिन कार्रवाई आरंभ कर दी गई।

गुड लाइफ मैरिज हाल के ऊपर 6 कमरे, रसोईघर समेत दो बड़े हाल बने हुए हैं। इनमें करीब 20 साल से फहीम खान, राशिद खान और नसीम खान के परिवार निवास कर रहे हैं। फहीम खान की परिजन आरफा खान ने बताया कि यहां 20 सालों से हम लोग निवास कर रहे हैं। तीन परिवार में 15 से अधिक लोग हैं, वहीं दो विधवा महिलाएं भी शामिल हैं। हम लोगों को बीते शनिवार को ही बीडीए का नोटिस मिला। इसमें आवास खाली करने को कहा गया। उस दिन से ही घरों में चूल्हे नहीं जले हैं। बीडीए अफसरों से भी बात करने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इतने कम समय में हम लोग कहां जाएं, क्या गुनाह है जो हमें बेघर किया जा रहा है। एक घंटे तक तीखी नोकझोंक होती रही। मौके पर एसपी सिटी मानुष पारिक भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने परिवार के लोगों से बात कर समझाया। तीनों परिवार की महिलाओं को पड़ोस के घरों में भेजकर कार्रवाई शुरू की गई।



सूफी टोला में एवान ए फरहत बरातघर को ध्वस्त करते बीडीए का बुलडोजर। ● अमृत विचार



ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से परेशान होकर बिलखती बुजुर्ग महिला। ● अमृत विचार

### बुजुर्ग महिला की बिगड़ी हालत, पुलिस कर्मियों ने बंधाया ढांढस

बीडीए के बुलडोजरों ने जैसे ही एवान ए फरहत और गुड लाइफ बरातघर बरातघरों का ध्वस्तीकरण शुरू किया, वैसे ही पास के ही घर से एक बुजुर्ग महिला पुलिस के पास आ गई और रोते हुए कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई। इस दौरान वह बेहोश भी हो गईं। इस पर पास में खड़ी महिला पुलिस कर्मियों ने बुजुर्ग महिला को पानी पिलाया और परिजनों से उन्हें मौके से ले जाने की बात कही।

### बरातघरों के नक्शा पास नहीं, अन्य मानक भी अपूर्ण

बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने बताया कि एवान ए फरहत और गुड लाइफ बरातघर का नक्शा पास न होने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। दोनों ही बरातघरों में न तो वाहन पार्किंग की व्यवस्था है और न ही फायर सेफ्टी के कोई इंतजाम किए गए हैं। उधर, बीडीए की कार्रवाई के मद्देनजर दोनों ही बरातघरों के बाहर लगे बोर्ड हटा दिए गए थे।

### ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आज भी रहेगी जारी

सूफीटोला में स्थित एवान ए फरहत और गुड लाइफ बरातघरों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई बुधवार को भी जारी रहेगी। बीडीए के बुलडोजरों ने मंगलवार को दोपहर में लगभग दो बजे ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की जो शाम पांच बजे तक जारी रही। अंधेरा घिर जाने के कारण शाम को कार्रवाई रोक दी गई। दोनों बरातघरों के बाकी हिस्सों को ध्वस्त करने के लिए बुधवार को भी कार्रवाई जारी रह सकती है।

### ब्रह्मपुरा और दीवानखाना के बरातघरों पर भी गरज सकता है बुलडोजर

- मौलाना तौकीर रजा की पार्टी में शामिल रहे लोगों की संपत्तियां बीडीए के रडार पर
- प्रवर्तन टीम ब्रह्मपुरा और दीवानखाना में दो बरातघरों पर जल्द कर सकती कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : बरेली विकास प्राधिकरण की बुलडोजर कार्रवाई लगातार जारी है। सूफीटोला में कार्रवाई के बाद मौलाना तौकीर रजा की पार्टी में सक्रिय रहे लोगों की संपत्तियां बीडीए के रडार पर हैं। बीडीए अफसरों के अनुसार, जल्द ही ब्रह्मपुरा और दीवानखाना में बने दो अवैध बरातघरों पर भी बुलडोजर कार्रवाई की तैयारी है। सूफीटोला स्थित दोनों बरातघरों पर कार्रवाई करने से पूर्व ही ब्रह्मपुरा और दीवानखाना में बने बरातघरों पर कार्रवाई करने की योजना अफसरों ने बनाई थी, लेकिन सूफीटोला में मंगलवार को कार्रवाई शुरू होने के बाद अब इस सप्ताह के अंत तक इन दोनों इलाकों में भी बीडीए के बुलडोजर की गरज सुनाई दे सकती है।



गुड लाइफ बरातघर को ध्वस्त करते बीडीए के बुलडोजर। ● अमृत विचार

### दोनों ओर बैरीकेडिंग करके रोका रास्ता

बीडीए की कार्रवाई की जद में आए दोनों ही बरातघर संकरी गली में बने हुए हैं। इसके चलते कार्रवाई में व्यवधान न हो इसके लिए दोनों ओर मार्ग को बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों को भी काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

### बरातघरों का 1992 में हुआ था निर्माण, कई शादियां थी बुक

स्थानीय लोगों के अनुसार, इन दोनों ही बरातघरों का निर्माण करीब 1992 में हुआ था। उस दौरान यहां विवाह समारोह के आयोजन की बुकिंग दो से तीन हजार रुपये तक में होती थी। दोनों ही बरातघरों में 7 से अधिक लोगों ने विवाह समारोह के लिए बुकिंग भी कराई थी। जो कि इस कार्रवाई से काफी निराश नजर आए।



कार्रवाई के दौरान छत पर खड़ी महिलाएं रोती रहीं। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### 1350 उपभोक्ताओं ने 1.28 करोड़ रुपये किए जमा

**बरेली, अमृत विचार :** बिजली विभाग की बिल राहत योजना के दूसरे दिन मंगलवार को शहर से लेकर देहात में कैंप लगाए गए। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि 1 से 28 दिसंबर तक सरकार की तरफ से बिजली बिल राहत योजना चलाई जा रही है। जिसमें दूसरे दिन मंगलवार को कैंप में 1350 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराकर 1.28 करोड़ रुपये का बकाया बिजली का बिल जमा किया। वहीं अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें।

### आंवला में तीन दिन रहेगी पासपोर्ट मोबाइल वैन

**बरेली, अमृत विचार :** आंवला क्षेत्र के पासपोर्ट आवेदकों को राहत मिलेगी। दिसंबर में तीन दिन तक पासपोर्ट मोबाइल वैन आंवला क्षेत्र में रहेगी। इससे पासपोर्ट को लेकर आवेदकों को शहर नहीं आना पड़ेगा। पासपोर्ट अधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पासपोर्ट मोबाइल वैन 9, 10, 11 दिसंबर को इफको टाउनशिप, पॉल पॉथेन नगर आंवला में पासपोर्ट आवेदकों को पासपोर्ट सेवा प्रदान करेगी। जिसके लिए 40 ऑनलाइन अपॉइंटमेंट पासपोर्ट सेवा की वेबसाइट पर रिलीज कर दिए गए हैं। आंवला और आसपास के क्षेत्र के नागरिक जो पासपोर्ट बनवाने के इच्छुक हैं वे अपना ऑनलाइन अपॉइंटमेंट बुक करके पासपोर्ट सेवाओं का लाभ ले सकते हैं।

# बरेली शहर की पेयजल व्यवस्था को 265 करोड़ से लगेंगे पंख

- कैबिनेट से मंजूरी के बाद जल निगम ने युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कराने की तैयारी की
- शहर कई हिस्सों में बिछेगी नई पाइप लाइन, कुछ में बदली जाएगी, बनेंगे ओवरहेड टैंक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर भर में पेयजल की किल्लत को दूर करने के लिए जल्द ही प्रयास तेज होंगे। जल निगम की 269.95 करोड़ रुपये की पेयजल योजना के प्रोजेक्ट को चार माह बाद कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में बरेली शहर की पेयजल योजना के लिए 265 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। शहर में पेयजल योजना के जल्द से जल्द कार्य आरंभ हो सकें इसके लिए जल निगम ने टेंडर समेत अन्य प्रक्रियाओं की तैयारी शुरू कर दी है।

जल निगम के अधिकारियों के अनुसार, शहर के पुराने शहर, सुभाषनगर व नगर निगम सीमा में आने वाले गांव भी इस प्रोजेक्ट में शामिल हैं। इसके साथ ही दौ सौ से अधिक क्षेत्रों में अभी तक पानी की पाइप लाइन नहीं पहुंची है। वहीं शहर के लगभग सभी 80 वार्डों में पानी की किल्लत सबसे अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, जिन वार्डों में पुरानी और नई लाइनें दोनों डाली गईं हैं वहां अब पुरानी लाइनों को पूर्ण रूप से बंद किया जाएगा। कुछ लाइनों को बदला जाएगा। इन इलाकों में पुराना शहर, हजियापुर, सूफी टोला, कुरैश नगर, रबड़ी टोला, कटरा चांद खां, सेमलखेड़ा समेत अन्य क्षेत्र शामिल हैं। वहीं शहर के आधा दर्जन से अधिक इलाकों में ओवरहेड टैंक भी बनाए जाएंगे।



बुखारपुरा में पानी की टंकी।

> कैबिनेट से प्रोजेक्ट को मंजूरी मिल गई है। यह प्रोजेक्ट 269 .95 करोड़ का बनाया गया था, जिसमें 265 करोड़ की मंजूरी मिली है। शासनादेश के बाद टेंडर व अन्य प्रक्रियाएं आरंभ की जाएंगी। वहीं, दिसबंर के अंत प्रोजेक्ट के तहत कार्य आरंभ करने का प्रयास है।
>
> **– संजय कुमार**, एक्सईएन, जल निगम

# यूनियन बैंक स्टाफ एसोसिएशन ने जारी की 2026 की अवकाश सूची

- प्रमुख राष्ट्रीय, धार्मिक और सांस्कृतिक पर्वों पर 25 दिन बंद रहेंगे बैंक

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश यूनियन बैंक स्टाफ एसोसिएशन ने वर्ष 2026 के लिए घोषित सरकारी अवकाशों की सूची जारी कर दी है। सूची में वर्ष भर के प्रमुख राष्ट्रीय, धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व शामिल किए गए हैं। कैलेंडर बैंकों के कर्मचारियों और ग्राहकों दोनों के लिए उपयोगी माना जाता है।

जारी सूची के अनुसार वर्ष 2026 में कुल 25 दिन बैंक बंद रहेंगे। इनमें जनवरी से दिसंबर तक सभी बड़े त्योहार, जयंती और राष्ट्रीय दिवस शामिल हैं। पहला अवकाश 3 जनवरी को हजरत अली जयंती के अवसर पर रहेगा, जबकि वर्ष का अंतिम अवकाश 25 दिसंबर को क्रिसमस पर होगा। मुख्य अवकाशों में गणतंत्र दिवस (26 जनवरी), महाशिवरात्रि (15 मार्च), होली (2–4 मार्च), ईद-उल-फितर (21 मार्च), रामनवमी (26 मार्च), महावीर जयंती (31 मार्च), गुड फ्राइडे (3 अप्रैल), डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती (14 अप्रैल) और स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) शामिल हैं। इसके अलावा ईद-उल-अज़हा, रक्षाबंधन, जन्माष्टमी, गांधी जयंती, दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, गुरुनानक जयंती जैसे प्रमुख पर्व भी सूची में दर्ज हैं।एसोसिएशन के महामंत्री पुष्पेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि अवकाश की सूची शासन की ओर से घोषित वार्षिक कैलेंडर के आधार पर तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि बैंकों के कामकाज को सुचारु रखने के लिए ग्राहकों को पहले से जानकारी देना आवश्यक है। उन्होंने कहा टेक्नोलॉजी के युग में ऑनलाइन बैंकिंग सेवाएं अवकाश वाले दिनों में भी उपलब्ध रहेंगी, लेकिन कैश लेन-देन और अन्य शाखा आधारित सेवाओं के लिए ग्राहकों को कैलेंडर ध्यान में रखना चाहिए।

# बदायूं रोड पर अतिक्रमण हटाया



बुलडोजर से अवैध निर्माण ध्वस्त करती निगम की टीम। ● अमृत विचार



ध्वस्तीकरण के बाद सामान उठाते दुकानदार।

- नगर निगम की टीम ने जुर्माना भी वसूला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने मंगलवार को बदायूं रोड पर अवैध अतिक्रमण हटाया और जुर्माना भी वसूला। इस दौरान दुकानदारों ने टीम पर पक्षपात के भी आरोप लगाए।

नगर निगम के राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि अवैध अतिक्रमण को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। बदायूं रोड स्थित चुंगी से त्रिमूर्ति बरात घर होते हुए निजी रिसोर्ट तक व्यापक रूप से ठेले, फड़ समेत दुकानों के बाहर अवैध रूप से लगे शेड भी हटाए गए। वहीं 10 हजार के करीब जुर्माना भी वसूल किया है। बताया कि दुकानदारों को चेतावनी दी गई है और दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### टीम पर पक्षपात का लगाया आरोप

अतिक्रमण कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानदारों की निगम की टीम से तीखी नोकझोंक हुई। दुकानदारों का आरोप है कि पक्षपात करते हुए टीम ने कुछ दुकानदारों पर मामूली रकम जुर्माना के तौर पर वसूल की है। हालांकि इस बाबत कोई लिखित शिकायत निगम के उच्चाधिकारियों को नहीं दी गई है।

**सुविधा** | राजस्व में वृद्धि होती देख अफसर बोले– लोगों को ई–बसों के संचालन से अच्छा विकल्प मिला

# शहर को पसंद आने लगा ई–बसों का सफर, बढ़ने लगी यात्रियों की संख्या

- पिछले सप्ताह तक रोजाना मिल रही थीं 200 से 250 सवारियां
- अब प्रतिदिन 1100 से अधिक लोग सिटी बसों में कर रहे यात्रा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में ई-बसों का आरामदायक सफर लोग पसंद करने लगे हैं। पहले ग्रामीण रूटों पर चलने वाली इन बसों को शहर में शुरू करने के बाद नाममात्र सवारियां मिलने पर लग रहा था कि यह कदम शायद सफल नहीं होगा।

लेकिन, दिन बढ़ने के साथ ही लोगों का रुझान बढ़ गया है। पिछले सप्ताह तक जहां 200 से 250 ही सवारियां मिली रहीं थी, वहीं बीते दो दिनों के आंकड़ों को देख अफसर भी खुश नजर आ रहे हैं। प्रतिदिन 1100 से अधिक यात्री ई-बसों में सफर कर रहे हैं। सवारियां की संख्या बढ़ने की मुख्य वजह आरामदायक सफर, ऑनलाइन लोकेशन की जानकारी और हर स्टापेज पर निर्धारित समय पर बस मिलना बताया जा रहा है।

सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के तहत ई-बसों का संचालन पहले बरेली-शीशगढ़, बरेली-शेरगढ़ और बरेली-आंवला-मनौना रूट पर किया जा रहा था। महानिदेशक नगरीय परिवहन सेवा के आदेश पर 11 नवंबर को शीशगढ़ और शेरगढ़ रूट पर 12 बसों का संचालन बंद कर शहर में नगर निगम की सीमा के तहत तीन रूटों पर शुरू कर दिया गया था। इसके बाद 23 नवंबर से आंवला, मनौना रूट पर चलने वाली 13 बसों का भी संचालन बंद कर सभी 25 बसों को शहर में नगर निगम की सीमा में शुरू कर दिया गया। इसके लिए तीन रूटों के 60 स्टॉपेज निर्धारित कर हर 15 मिनट में ई-बस मिलने का दावा किया गया। उम्मीद जताई जा रही थी कि ग्रामीण के मुकाबले शहरी लोग इन बसों को अधिक पसंद करेंगे और आमदनी में इजाफा होगा। लेकिन, शुरू के दिनों में कम यात्री मिलने से इन बसों की हवा निकल गई थी। शहर के भीतर 60 स्टापेज निर्धरित होने के बावजूद कम सवारियां मिलने से अफसर चिंतित थे। ऐसे में परिचालकों का लोड फैक्टर तक पूरा नहीं होता था। अब बसों में सवारी बढ़ने के साथ ही राजस्व बढ़ने से अफसर खुश नजर आ रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि सवारियों के साथ ही राजस्व में आने वाले दिनों में काफी हद तक और वृद्धि होगी।



ई–बसों के चालक और परिचालकों से वार्ता करती सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज की प्रबंधक संचालक मनीषा दीक्षित। ● अमृत विचार

### लाइव लोकेशन और ऑनलाइन टिकट भी बुक करा सकेंगे यात्री

आने वाले दिनों में सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज की ई–बसों की लाइव लोकेशन मोबाइल एप पर ऑनलाइन मिलेगी। बीते शुक्रवार को ई–सिटी बस यूपी नाम से मोबाइल एप लांच करने के साथ इसका ट्रायल शुरू कर दिया गया है। यही नहीं आने वाले दिनों में एप के जरिये ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा भी मिलेगी। प्रबंध संचालक का कहना है कि यात्रियों को बसों का इंतजार न करना पड़े, इसके लिए जल्द ही लोगों के लिए एप की सुविधा मिलने लगेगी।

### सिटी बसों के लिए निर्धारित मार्ग और ठहराव स्थल

- रूट एक पर स्वालेनगर मिनी बाइपास से जंक्शन वाया सौफुटा–पीलीभीत बाईपास 17 किलोमीटर के इस रूट पर 25 स्टॉपेज होंगे। स्वाले नगर मिनी बाईपास जंक्शन के बीच इस रूट पर कर्मचारी नगर, भास्कर हॉस्पिटल, बसंत विहार चौराहा, इज्जतनगर तिराहा, आईवीआरआई, ट्यूलिप, डेलापीर चौराहा, तुलाशेरपुर, सौफुटा रोड तिराहा, संजय नगर, सुरेश शर्मा नगर, डोहरा रोड, रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बीसलपुर चौराहा, सतीपुर चौराहा, सेटेलाइट बस अड्डा, खुर्रम गौटिया, गांधी उद्यान, प्रभा टॉकीज, चौकी चौराहा, कलक्ट्रेट पर बस ठहराव लेगी।
- रूट दो पर झुमका तिराहा से सेटेलाइट बस अड्डा वाया चौपुला–गांधी उद्यान 16 किमी पर 17 स्टॉपेज तय हैं। इस रूट की बसें झुमका तिराहा से परसाखेड़ा, सत्य प्रकाश पार्क, दूल्हा मियां की मजार, सिटी रेलवे स्टेशन, चौपुला चौराहा, चौकी चौराहा, प्रभा टॉकीज खुर्रम गौटियां पर ठहराव लेंगी।
- रूट तीन पर स्वाले नगर मिनी बाइपास से जंक्शन वाया डेलापीर–महादेव पुल 13 किलोमीटर के इस रूट पर 18 स्टॉपेज हैं। इस रूट पर कर्मचारी नगर, भास्कर हॉस्पिटल, झूलेलाल द्वार, सेलेक्शन प्वाइंट, धर्मकांटा, लल्ला मार्केट, कोहाड़ापीर, नॉवल्टी चौराहा, अयूब खां चौराहा, चौकी चौराहा, कलक्ट्रेट पर स्टॉपज निर्धारित किए गए हैं।

> ई–बसों में सवारी बढ़ने के साथ ही राजस्व भी बढ़ गया है। बसें सीसीटीवी कैमरों से लैस है। यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए हर गतिविधि पर नजर रखी जाती है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में यात्रियों की संख्या और तेजी से बढ़ेगी।
>
> **–मनीषा दीक्षित**, प्रबंधक संचालक, सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज

# प्रदेश में सबसे ठंडा रहा बरेली, पारा 6.7 डिग्री रिकॉर्ड

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली में ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। जिले में मंगलवार को न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सोमवार से सिर्फ 0.1 अधिक रहा। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान बरेली और कानपुर का ही रहा। वहीं अधिकतम तापमान भी बिजनौर और बुलंदशहर के बाद प्रदेश में सबसे कम रहा।

जिले का न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम 23.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह के समय कोहरा और हल्की धुंध बनी रही। मौसम विभाग के मुताबिक अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय कोहरे का असर देखने को मिलेगा। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार के अनुसार 3 से 8 दिसंबर तक न्यूनतम तापमान 7 से 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

हर तरफ से निराश गुप्त रोगी मिलें
SEXOLOGIST
बचपन की गलतियां
आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
डायबिटीज

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

YouTube पर Search करें
डा. भारत प्रसिद्ध शेख
Best Sexologist in india आयुर्वेदा
मिलें हर मंगलवार
ईसाईयों की पुलिया
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

# सनसनी : संदूक में भरा मिला 8 साल के बच्चे का शव

## दिल्ली-लखनऊ हाईवे के किनारे नकटिया नदी के पास मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा संदूक, नहीं हो सकी मासूम की शिनाख्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दिल्ली लखनऊ हाईवे पर नकटिया नदी के पास झाड़ियों में मंगलवार की सुबह छोटे लाल रंग के संदूक में 8 साल के बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बच्चे की एक आंख क्षतिग्रस्त है जबकि उसके शरीर पर कई जगह चोटों के निशान है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि बच्चे की हत्या करके शव यहां पर फेंका गया है। बच्चे की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव कुम्हरा निवासी अजीत सिंह ने मंगलवार की सुबह 9 बजे पुलिस को सूचना दी कि दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर नकटिया नदी पुल के नीचे लाल रंग के छोटे से संदूक में करीब 8 साल के बच्चे का शव पड़ा है। संदूक में कुछ कपड़े, बच्चों के खाने के कुरकुरे नमकीन के पैकेट भी पड़े हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची इज्जतनगर पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाया, जिसने घटनास्थल से नमूने और अन्य साक्ष्य एकत्र किए।



मौके पर जांच करते एसपी सिटी मानुष पारीक। ● अमृत विचार

- **शव पर कई चोटों के निशान, एक आंख भी क्षतिग्रस्त की**
- **हत्या कहीं और करके शव लाकर फेंके जाने की आशंका**

बच्चे की बाईं आंख क्षतिग्रस्त थी। एसपी सिटी ने भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की। बच्चे का बुधवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इससे स्पष्ट होगा कि उसकी हत्या की वजह क्या है। फिलहाल, पुलिस ने बच्चे का फोटो और पहचान संबंधी विवरण थानों में भेज दिए हैं।

> सुबह सूचना मिली कि इज्जतनगर के नकटिया नदी के पास संदूक में 8 साल के बच्चे का शव पड़ा मिला है। सूचना पर पलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच की जा रही है। खुलासे के लिए एसएसपी की तरफ से चार टीमों का गठन किया गया है। जल्द ही बच्चे की शिनाख्त करके घटना का खुलासा किया जाएगा। - **मानुष पारीक**, एसपी सिटी

### फरीदपुर में मिले महिला के शव से तो नहीं बच्चे का कनेक्शन

फरीदपुर क्षेत्र में सोमवार को सड़क के किनारे झाड़ियों में महिला का शव सड़ी-गली अवस्था में मिला था। महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पहचान मिटाने के लिए महिला का चेहरा जलाया गया था। इसमें आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या के बाद शव झाड़ियों में फेंका गया है। महिला की उम्र करीब 40 साल है। वहीं इज्जतनगर क्षेत्र में नकटिया नदी के पास संदूक में मिले बच्चे के शव को लेकर भी अभी तक गुत्थी उलझी हुई है। ऐसे में पुलिस फरीदपुर में मिले महिला के शव को बच्चे के शव से भी जोड़कर जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी आशंका जता रहे हैं कि महिला की हत्या के बाद शव फरीदपुर में फेंका गया हो और बाद में बच्चे की भी हत्या करके इज्जत नगर क्षेत्र में उसका शव फेंका दिया गया हो। इस लाइन पर भी जांच की जा रही है।

### महिला के शव की न शिनाख्त हुई और न पोस्टमार्टम

**बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार :** सड़क के किनारे पुलिया के नीचे मिले झाड़ियों में मिले महिला के शव की तीसरे दिन भी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के थाना क्षेत्र के अलावा सोशल मीडिया पर भी महिला की पहचान कराने की कोशिश की। उधर, महिला के शव का अभी पोस्टमार्टम नहीं होने से मौत का कारण भी साफ नहीं हो सका है। फरीदपुर थाना के देवरनियां चौकी क्षेत्र के ग्राम सिमरा बोरीपुर में सोमवार को बोरे में भरा शव मिला था। महिला का आधा शव पैरों की तरफ से बोरे में बंद था, जबकि उसके चेहरे को तेजाब से जलाकर पहचान छिपाने की कोशिश की गई थी। शव लगभग 10-15 दिन पुराना होने की आशंका पुलिस जता रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में शव की पहचान कराने का प्रयास किया। साथ ही सोशल मीडिया के जरिये भी शिनाख्त कराई जा रही है। महिला की उम्र लगभग 40 साल के आसपास होने का अनुमान है। फरीदपुर प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि महिला की शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभी शिनाख्त नहीं हुई है। शव मिलने के तीसरे दिन पोस्टमार्टम कराया जाएगा, इसके बाद ही मौत का सही कारण साफ हो सकेगा।

### तंत्र-मंत्र के चलते हत्या की आशंका

संदूक के अंदर बच्चे का शव मिलने से जहां पूरे इलाके में सनसनी है, वहीं घटना को तांत्रिक क्रिया से जोड़कर भी देखा जा रहा है। बच्चे की एक आंख भी चोट के चलते क्षतिग्रस्त है। जांच में यह बात सामने आई है कि बच्चे की हत्या कहीं और करके शव को यहां लाकर फेंका गया है। शव पर कई चोटों के निशान पाए गए हैं, जो हत्या की आशंका को मजबूत करते हैं। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, साथ ही जिले और आसपास के इलाकों में दर्ज गुमशुदा बच्चों की रिपोर्ट से मिलान कराया जा रहा है।

## सिटी ब्रीफ

### फर्जी पत्र बनाने के आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल को कराने के लिए फर्जी पत्र तैयार करने के मामले में बिहारीपुर निवासी अफजाल बेग, मुनीर इदरीसी, फाइक इन्कलेव निवासी फरहत खां समेत तीन की जमानत अर्जियां अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने खारिज कर दीं। सरकारी वकील महेश यादव ने बताया कि अभियोजन कथानक के अनुसार 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा द्वारा धरना देने के लिए लोगों को बुलाया गया था। इसके एक दिन पूर्व 25 सितंबर को डॉ. नफीस और नदीम खान ने आपसी साजिश करके एक फर्जी पत्र तैयार किया, जिस पर कूटरचना कर आईएमसी का आधिकारिक पत्र दर्शाते हुए जारी किया गया। पुलिस ने बीएनएस की सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

### दहेज उत्पीड़न में लेखपाल पति सास-ससुर बरी

**बरेली, अमृत विचार :** तीन साल पहले विवाहिता ने पति, सास-ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, अपमानित करने की धाराओं में परिवाद न्यायालय में दर्ज कराया था। विचारण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलका पाण्डेय ने लेखपाल पति समेत तीनों आरोपियों को संदेह का लाभ प्रदान करते हुए दोषमुक्त कर दिया। थाना इज्जतनगर क्षेत्र की गगन विहार कालोनी निवासी पुष्पलता भारती ने न्यायालय में अर्जी देकर बताया था कि थाना बारादरी गुलाबबाड़ी रोड नवादा शेखान निवासी पति सचिन कुमार बिज जोकि नगीना में लेखपाल के पद पर कार्यरत हैं, ससुर धीरज लाल, सास राजेश्वरी देवी व अन्य ससुराल वाले 14 नवंबर 2021 को शादी में दिए दान दहेज से खुश नहीं थे और 10 लाख रुपये, कार की मांग करते थे। 28 अप्रैल 2022 को बेरहमी से पीटा। अदालत ने विचारण के लिए केवल पति, सास-ससुर को तलब किया था।

### कॉलेज के पास पान मसाला और सिगरेट बेचने वालों पर रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू बेचने वाले दो दुकानदारों के खिलाफ किला पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। किला थाने के उपनिरीक्षक वीरभद्र सिंह ने बताया कि सोमवार शाम को कांस्टेबल अंकित सैनी के साथ शैक्षणिक संस्थानों के 100 मीटर दायरे में तंबाकू, शराब समेत अन्य मादक पदार्थ की बिक्री पर प्रतिबंधित क्रम में चेकिंग के लिए तिलक इंटर कॉलेज के पास पहुंचे। कॉलेज से 20 मीटर की दूरी पर सूरज पान भंडार पर तंबाकू, सिगरेट और अन्य नशीले सामान की बिक्री होती मिली। इसके बाद सूरज राठौर के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। वहीं किला थाने में दूसरी रिपोर्ट प्रणव श्रोत्रिय ने दुकानदार के खिलाफ दर्ज कराई है।

### मलेरिया का नहीं मिला पैरासाइट

**बरेली, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग संचारी रोग नियंत्रण के लिए अभियान चला रहा है। जनवरी से नवंबर तक 1850 से अधिक मरीजों की जांच में मलेरिया का पैरासाइट नहीं मिला है। जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने बताया कि जिले में इस साल 1937 मरीजों में जानलेवा मलेरिया की पुष्टि हुई है, इसमें से 1903 लोगों की जांच में 1850 में पैरासाइट नहीं मिला है। शेष संक्रिमतों की भी शीघ्र पैरासाइट जांच कराई जाएगी। बताया कि मलेरिया ग्रसित होने के बाद कुछ मरीज दवा खाना बीच में बंद कर देते हैं।

# एयरपोर्ट पर चेकिंग के दौरान यात्री के बैग से मिला पत्थर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **यात्री ने पत्थर ले जाने से मना करने पर किया हंगामा**
- **सुरक्षा अधिकारी ने इज्जतनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई**

**अमृत विचार:** बरेली एयरपोर्ट पर मुंबई जाने वाली फ्लाइट में एक यात्री के बैग से पत्थर का टुकड़ा बरामद हुआ। एयरपोर्ट कर्मचारियों ने यात्री से बैग में पत्थर ले जाने से मना किया तो वह हंगामा करने लगा। एयरपोर्ट के सुरक्षा प्रभारी ने यात्री के खिलाफ थाना इज्जतनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नैनीताल के प्रभाकर बंग्ले जगलिया रोड निवासी राहिल प्रभाकर 1 दिसंबर को बरेली से मुंबई के लिए जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट में यात्रा करने जा रहा था। इससे पहले सुरक्षा जांच के दौरान उसके बैग से पत्थर का टुकड़ा मिला। उससे पत्थर का टुकड़ा ले जाने से मना किया तो वह उग्र हो गया। सूचना मिलने पर एसआई राजीव सिंह राठी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यदि पत्थर का टुकड़ा ले जाना चाहते हो तो चेक इन बैग में इसे ले जा सकते हैं।

इसके बाद यात्री एयरपोर्ट पर हंगामा करके चिल्लाने लगा, जिससे एयरपोर्ट परिसर में खलबली मच गई। यात्री को यात्रा करने से रोक दिया गया। सिविल एयरपोर्ट के सुरक्षा प्रभारी एसआई राजीव सिंह राठी की तहरीर पर इज्जतनगर थाने में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### जीएनएम छात्रा के साथ युवक ने की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार:** जीएनएम छात्रा के साथ तीन लोगों ने मारपीट की। थाना इज्जतनगर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले के रहने वाले शख्स ने बताया कि उनकी बेटी जीएनएम का कोर्स कर रही है। वह अपनी मां के साथ पीलीभीत बाईपास स्थित एक निजी अस्पताल में जाती है। आरोप है कि अस्पताल में ही शनि उर्फ पुष्पेन्द्र निवासी आशुतोष सिटी भी नौकरी करता है। बेटी की दोस्ती शनि से हो गई। आरोप है कि 30 नवंबर को शनि ने उनकी बेटी को अपने घर पर बुलाया, जिसमें किसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। आरोपी ने उसकी बेटी का मोबाइल तोड़ दिया। शनि के पिता ओमप्रकाश और मां ने उनकी बेटी के साथ मारपीट की।

# पांच हजार रिश्वत लेते इंस्पेक्टर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बिजली विभाग के एंटी पावर थेफ्ट थाने से प्रभारी इंस्पेक्टर अरुण कुमार मंगलवार को एंटी करप्शन की टीम ने पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोप है कि इंस्पेक्टर ने बिजली चोरी के मुकदमे के आरोपी से मामला कमजोर कर देने और जमानत दिलाने में मदद के नाम पर रिश्वत मांगी थी। एंटी करप्शन की टीम ने इंस्पेक्टर से पूछताछ करने के बाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना भमोरा क्षेत्र के आलमपुर जाफराबाद निवासी सुभाष शर्मा के खिलाफ पिछले दिनों बिजली चोरी का मुकदमा एंटी पावर थेफ्ट थाने में दर्ज हुआ था। आरोप है मुकदमे में जल्द चार्जशीट दाखिल न करने और जमानत मिलने में मदद करने के नाम पर पांच हजार रुपये की मांग इंस्पेक्टर अरुण कुमार यादव ने की थी। इसके बाद युवक ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन में मामले की शिकायत की थी।

- **एंटी पावर थेफ्ट थाने में तैनात है इंस्पेक्टर अरुण कुमार**



अरुण कुमार।

एंटी करप्शन की टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के एंटी पावर थेफ्ट थाना प्रभारी निरीक्षक को थाना परिसर से रंगे हाथ पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर के खिलाफ थाना कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। बुधवार को पुलिस गिरफ्तार किए गए इंस्पेक्टर को कोर्ट में पेश करेगी।

### बिजली चोरी में फंसे लोगों से चलता है वसूली का खेल

शहर से लेकर देहात तक के बिजली चोरी के मामले सर्किट हाउस के पास स्थित एंटी पावर थेफ्ट थाने में दर्ज किए जाते हैं। इसमें विवेचना के दौरान जिसके ऊपर मुकदमा दर्ज है उनसे रुपये लेने का खेल चलता है। जिसमें थाने के दो सिपाही इंस्पेक्टर के खास हैं। बताया जा रहा है जिस समय थाने से इंस्पेक्टर को टीम ने गिरफ्तार किया उस समय मौजूद एक सिपाही ने दौड़ लगा दी। वह फाइल लेने के बहाने से बाहर आया और रफूचक्कर हो गया। एंटी करप्शन की टीम ने बताया कि विवेचना में अगर किसी और का नाम सामने आता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# बच्चे के दिल के छेद की हुई निशुल्क सर्जरी



बच्चे को सर्जरी के लिए रवाना करते सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम यानी आरबीएसके बच्चों को जन्मजात मिली बीमारियों के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। ऐसे ही एक बच्चे के दिल के छेद को भर कर उसे नई जिंदगी मिली है।

ब्लॉक मुड़िया नवी बख्श निवासी नौ वर्षीय दिव्यांशु पुत्र नरोत्तम को दिल में छेद की समस्या थी। जिसे ब्लॉक की आरबीएसके टीम ने चिह्नित कर जिले के लिए रेफर किया। इसके बाद सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह और कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पवन कपाही ने बच्चे को सर्जरी के लिए अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज भेजा। यहां मरीज की सफल सर्जरी संपन्न हो गई है। इस संबंध में आर बीएसके मैनेजर डॉ. पारस गुप्ता ने बताया कि मरीज की सर्जरी सफल रही। इतना ही नहीं बच्चे के स्वास्थ्य में निरंतर सुधार हुआ है। बताया कि इससे पूर्व भी कार्यक्रम के तहत नवंबर में बहेड़ी ब्लॉक के भी एक बच्चे के दिल के छेद का निशुल्क ऑपरेशन कराया जा चुका है।

# आस्ट्रेलिया में नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगे आठ लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **विदेश में नौकरी करने के लिए गूगल पर सर्च किया था नंबर**
- **नवाबगंज निवासी युवक हुआ साइबर ठगी का शिकार, रिपोर्ट**

**अमृत विचार:** विदेश में नौकरी के लिए एक युवक ने गूगल पर नंबर सर्च किया। उसने नंबर निकालकर बात की तो साइबर ठग ने ऑस्ट्रेलिया में नौकरी लगवाने की बात कही। उसके बाद उसने टोकन मनी के नाम पर उससे 8 लाख रुपये से अधिक ठग लिए। जिसके बाद युवक ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के गुलड़िया धीमर, पोस्ट बबूरा-बबूरी निवासी अनमोल सिंह ने बताया कि उसे विजिटर वीजा पर विदेश में नौकरी करने जाना था। इसके लिए उसने गूगल से एजेंट का नंबर सर्च किया। जिसके बाद उसे एक व्हाट्सएप लिंक मिला। जिस पर उसने ज्वाइन करके एक मोबाइल नंबर लिया। मोबाइल नंबर पर बात करने पर उसने अपना नाम सतेन्द्र पाल सिंह उर्फ प्रिंस बताया। उसके बाद उसकी उससे बात होने लगी। बात करने वाले ने बताया कि वह आस्ट्रेलिया में नौकरी लगवा देगा। जिसके लिए वीजा और डॉक्युमेंट्स बनवा देगा। इसके बाद उसने अपना दूसरा मोबाइल नंबर दिया।

उसने कहा कि कुछ रुपये टोकन मनी के लिए डाल दो उसके काम शुरू हो जाएगा। युवक ने 7 मई से 24 जून तक 7 लाख 59 हजार 199 रुपये डाल दिए। उसके अलावा उसने अपने पिता के बैंक खाते से भी 90 हजार रुपये डाल दिए।

साइबर ठग ने कुल 8 लाख 49 हजार 199 रुपये ठग लिए। उसके बाद कॉल करने पर उसने कॉल उठानी बंद करके व्हाट्सएप पर भी ब्लॉक कर दिया। युवक की तहरीर पर साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### बैंक कर्मचारी बनकर खाते से निकाले 5.50 लाख

**बरेली, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने खुद को बैंक कर्मचारी बताकर युवक के दो अलग-अलग खातों से 5 .50 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने जब बैंक जाकर पासबुक अपडेट कराई तब उन्हें अपनी साथ हुई साइबर ठगी का अहसास हुआ। जिसके बाद उसने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के राजीव कुंज कॉलोनी निवासी वीएस पाठक ने बताया कि उनके खाते से 16 नवंबर को 3 लाख 55 हजार रुपये और दूसरे खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए गए। उन्होंने बताया कि उनके पास यूनियन बैंक लाइफ सर्टिफिकेट अपडेट के लिए कॉल आया था। कॉल करने वाले ने कहा था कि वह बैंक की तरफ से बोल रहा है। व्हाट्सएप पर लिंक भेजकर उसे अपडेट करने को बोला। लिंक अपडेट करते ही उसके दो अलग-अलग खातों से कुल पांच लाख पांच हजार रुपये कट गए। अगले दिन वह बैंक में किताब अपडेट कराने के लिए गया तो उसे खाते से पैसे कटने की जानकारी हुई। जिसके बाद उसने साइबर क्राइम थाने में शिकायत की।

### बीएसए कार्यालय के लिपिक के साथ मारपीट

**बरेली, अमृत विचार:** बीएसए कार्यालय में तैनात लिपिक के साथ कुछ लोगों ने मारपीट करके जान से मारने की धमकी दी। लिपिक की तहरीर पर थाना बारादरी पुलिस ने एक नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गोकुल धाम कॉलोनी फेस 4 निवासी हेमंत कुमार मौर्य ने बताया कि वह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लिपिक के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को उसका पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके बाद पत्नी ने यूपी 112 को कॉल करके पुलिस को बुला लिया। पुलिस के साथ ही उसका साला नरेश मौर्य भी आ गया। इसके बाद उसके परिजनों ने दोनों में समझौता करा दिया। आरोप है कि 29 नवंबर को वह अपने कार्यालय से शाम को घर जा रहा था, तभी शहामतगंज पुल के नीचे एक अज्ञात युवक ने हाथ देकर उसकी कार रोक ली। इसी बीच नरेश मौर्य और दो अन्य अज्ञात युवक उसकी कार में आकर बैठ गए। आरोप है कि नरेश ने उसके ऊपर तमंचा लगाकर कहा कि तू मेरी बहन को परेशान करता है। विरोध करने पर मारपीट की गई।

# श्रम विभाग ने 11 महीने में 255 बच्चे कराए मुक्त

**बरेली, अमृत विचार:** सरकार ने वर्ष 2027 तक पूरे प्रदेश को बाल श्रम मुक्त बनाने का लक्ष्य तय किया है। श्रम विभाग ने प्रतिष्ठान स्वामियों और नियोजकों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी रूप में बाल या किशोर श्रमिकों को नियोजित न किया जाए।

सहायक श्रमायुक्त बाल गोविंद ने बताया कि बाल श्रम मुक्त जिला बनाने की दिशा में 1 से 15 दिसंबर तक बरेली में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सोमवार को पहले दिन 10 बच्चों को मुक्त कराया गया, जबकि टास्क फोर्स ने अप्रैल से 30 नवंबर तक 173 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 245 बाल और किशोर श्रमिकों को मुक्त कराया। इनमें चार बच्चे 14 वर्ष से कम आयु के थे, जिनमें से एक का शैक्षिक पुनर्वास बीएसए के माध्यम से कराया गया। जबकि 56 केस न्यायालय में विचाराधीन हैं। 23 मामलों में कोर्ट का निर्णय आ चुका है। जिनमें 60 हजार का जुर्माना लगाया गया है।

### प्रदेश में श्रम विभाग शीर्ष रैंकिंग में शामिल

सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में बरेली श्रम विभाग प्रदेश के शीर्ष जिलों में शामिल है। बरेली में 5 .21 लाख श्रमिक उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड में पंजीकृत हैं। 1.80 लाचा श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज हैं।

# गन्ने के खेत में मिले बच्चे का नाम रखा उदय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भोजीपुरा क्षेत्र में गन्ने के खेत में मिले नवजात बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार को बाल कल्याण समिति की टीम ने जिला अस्पताल जाकर बच्चे का स्वास्थ्य जाना। इसके बाद तय किया गया कि बच्चा स्वस्थ होने के बाद दत्तक ग्रहण एजेंसी में रखा जाएगा। बच्चे का काल्पनिक नाम उदय रखा गया है।

नौआ नगला गांव में सोमवार को गन्ने के खेत में एक नवजात बच्चा पड़ा मिला। गांव का एक युवक बच्चे को अपने साथ ले गया। गांव वालों ने भोजीपुरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीडब्ल्यूसी को सूचना दी। इसके बाद बच्चे को उपचार के लिए महिला जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र ने बताया कि मंगलवार को टीम ने बच्चे को जिला अस्पताल में जाकर देखा। जिसके बाद बच्चे को स्वस्थ होने के बाद दत्तक ग्रहण एजेंसी जिला पंचायत के सामने रखने के आदेश दिए। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्र ने बताया कि कई लोग बच्चे को गोद लेना चाह रहे हैं, लेकिन गोद लेने की प्रक्रिया कारा पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने के बाद ही होगी।



अस्पताल में भर्ती बच्चे को देखती बाल कल्याण समिति की टीम। ● अमृत विचार

- **भोजीपुरा में सोमवार को मिले नवजात को घर ले गया था युवक**
- **बाल कल्याण समिति ने महिला अस्पताल में कराया भर्ती**

# रिंग रोड भूमि अधिग्रहण पर विवाद, मुआवजा रोका जाए

- **चौबारी मुस्तकिल गांव के खातेदारों ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र**

**बरेली, अमृत विचार :** रिंग रोड परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि को लेकर चौबारी मुस्तकिल गांव के खातेदारों ने मुआवज़ा वितरण रोकने की मांग की है। ग्रामीणों ने मंगलवार को विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बरेली को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि जब तक मामले पर न्यायालय का निर्णय नहीं आ जाता, तब तक किसी भी पक्षकार को मुआवज़ा जारी न किया जाए।

ग्रामीण सोनू सिंह ने बताया कि भूमि से जुड़ा विवाद उप जिलाधिकारी सदर, बरेली की अदालत में मुकदमा संख्या-202512013013459 के रूप में विचाराधीन है। आरोप है कि निर्णय से पहले मुआवज़ा जारी किए जाने की आशंका है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर वे पहले जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज करा चुके हैं। आवेदकों ने कहा कि भूमि का अविवादित हिस्सा अभी तक अलग नहीं किया गया, जिससे एकतरफा मुआवज़े की संभावना को लेकर संदेह बना हुआ है। उनका कहना है कि अभी तक किसी भी सहखातेदार या पक्षकार को मुआवज़ा नहीं दिया गया है, इसलिए कोर्ट के फैसले से पहले वितरण पूरी तरह रोका जाना चाहिए।

## सिटी ब्रीफ

### अफसरों पर भारी बीज भंडार का प्रभारी

बरेली, अमृत विचार : राजकीय कृषि बीज भंडार, बिथरी चैनपुर ब्लाक का प्रभारी सोनपाल अफसरों पर भारी पड़ता दिख रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधि जहां उसकी कई बार शिकायत कर चुके हैं। वहीं, बीते दिनों गोदाम पर तैनात कर्मचारियों की ओर से संयुक्त रूप से उसका स्थानांतरण दूसरे ब्लाक में किए जाने की शिकायत जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कृषि अधिकारी ने 22 नवंबर को उप कृषि निदेशक अरमपाल को पत्र भेजा, जिसमें कहा गया कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर सोनपाल का दूसरे ब्लाक में ट्रांसफर करना उचित रहेगा। लेकिन, अब तक सोनपाल वहीं जमा है। चर्चा यह है कि राजनीतिक दबाव में सोनपाल का स्थानांतरण करने से अफसर बच रहे हैं। इधर, कर्मचारियों का आरोप है कि सोनपाल की मनमानी और उत्पीड़न के कारण वे परेशान हैं, कुछ जनप्रतिनिधियों से साठगांठ और अफसरों की मिलीभगत के कारण उसका कुछ नहीं हो पा रहा है। तत्कालीन सीडीओ और जिला कृषि अधिकारी से भी उसकी शिकायत की गई थी। इस मामले में जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि उन्होंने उप कृषि निदेशक को पत्र लिखा है। वहीं दूसरी तरफ उप कृषि निदेशक अमरपाल का कहना है कि उनको पत्र नहीं मिला है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर सम्मानित

## कमिश्नर और डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सभी की प्रशंसा की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** कमिश्नर भूपेन्द्र एस चौधरी और डीएम अविनाश सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजर को सम्मानित किया। कमिश्नर ने कहा कि इन लोगों से बाकी लोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आप सभी ने अच्छा कार्य किया, इसकी मुझे प्रसन्नता है, लेकिन दुख इस बात का है कि एक बीएलओ साथी हमारे बीच नहीं रहे।

डीएम ने कहा कि सभी बीएलओ और सुपरवाइजर ने बहुत मेहनत और लगन के साथ कार्य किया है। आज भी निरीक्षण के दौरान बालजती विद्यालय में पाया गया कि एएसडी वोटर्स का भली प्रकार रजिस्टरों में अंकन कर कारण लिखे गए हैं। सभी कर्मियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया जाएगा जो उनकी व्यक्तिगत पत्रावली में भी संरक्षित कराया जाएगा। सम्मानित होने वाले बीएलओ में बहेड़ी विधानसभा के मूलचंद्र मौर्य, राज कुमार, नरेन्द्र कुमार, बद्री प्रसाद, नेमचन्द, ओमकार, रियासुद्दीन, गिरवर सिंह, अमिर, गौरी शंकर और सुपरवाइजर में संतोष कुमार, आशु पाल शामिल हैं। मीरगंज के लेखपाल विजय पाल, मोहित शंखधार, ताहिर, अनुज कुमार सिंह, सतीश चन्द्र, यशरानी, संजीव कुमार, महेंद्र पाल, वन्दना आर्य, संगीत रानी और सुपरवाइजर में गौरव सिंह, विवेक कुमार पांडेय, भोजीपुरा के बीएलओ पवन कुमार, परमात्मा शंकर, पंकज गंगवार, राना प्रताप, मूल चन्द्र, केशव कुमार मौर्य, सोमवीर, शारिक, धनपाल, ताविस, सुपरवाइजर में दुर्गेश कुमार दुबे, विवेक कुमार कटियार, नवाबगंज के बीएलओ बसंत कुमार, प्रमोद कुमार, लक्ष्मी, हिमांशु गंगवार, सुमित मिश्रा, वसीम अहमद, हरप्रसाद, भूपेन्द्र सिंह, अरुण भारद्वाज, विकास कुमार और सुपरवाइजर में विजय कुमार, प्रिंस गंगवार को, फरीदपुर के बीएलओ सतीश कुमार, रामनिवास सिंह, उमेश कुमार, भूपेन्द्र पाल सिंह, राम प्रकाश, कल्पना रानी, शिवराम यादव, रमेश कुमार, राजेश कुमार शर्मा, सुधीर प्रताप सिंह सुपरवाइजर में पवन कुमार सोलंकी, शिवम सक्सेना को सम्मान मिला। इसके अलावा बिथरी चैनपुर के बीएलओ फिरोज खां, शिखा अग्रवाल, मनोज कुमार शर्मा, अभिषेक शर्मा, आरिफ, मोरपाल, महेन्द्र सिंह, गोवर्धन सिंह, सतीश सिंह, विनोद कुमार, सुपरवाइजर में उर्मिलेश कुमार, चन्द्र पाल, शहर विधानसभा के बीएलओ हिमांशु, गौरव सक्सेना, सुमन सिंह, राजकमल, अनीता वरनबाल, नीतू चौधरी, राजेश कुमार अग्रवाल, कविता देवी, अमित कुमार, मंयक शर्मा, सुपरवाइजर में प्रदीप सक्सेना, भूपेन्द्र गंगवार और कैंट में बीएलओ शिवानी दिवाकर, रुकम सिंह, हरपाल सिंह, विपिन कुमार, हेमचन्द्र शर्मा, अटल सक्सेना, नाजरीन, विनीता सक्सेना, प्रत्यूश प्रसून उपाध्याय, सुन्दर कुमार, सुपरवाइजर में अरुण कुमार, देवराज चौहान, आंवला के बीएलओ साबिर हुसैन, सत्यपाल सिंह, आकाश सागर, प्रवीण सिंह यादव, कुलदीप श्रीवास्तव, उपेन्द्र सिंह, हरनन्दन सिंह, दीपक कुमार, भाग्य प्रिया, रामसरन, सुपरवाइजर में वरुण आनन्द, खालिद अली खां को सम्मानित किया गया। एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एडीएम न्यायिक देश दीपक, सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, सभी एसडीएम आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने बीएलओ के कार्यों का निरीक्षण किया

बरेली, अमृत विचार : डीएम अविनाश सिंह ने मंगलवार को शहर विधानसभा क्षेत्र के बूथ प्राथमिक विद्यालय बालजती प्रथम नगर, जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल और सीबीगंज इंटर कॉलेज में बीएलओ की ओर से किए जा रहे एसआईआर कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने निर्वाचक नामावली के शत-प्रतिशत सत्यापन, त्रुटि सुधार और डिजिटलीकरण से संबंधित प्रगति का विस्तृत अवलोकन कर कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने को बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से काटे जाएं, उसका व्यापक कारण रजिस्टर में दर्ज करें। पार्षद, कोटेदार, सिविल डिफेंस आदि के लोगों से सहयोग लेकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य किया जाए।

# बीएलओ सर्वेश के बच्चों को 10 लाख का दिया चेक, भाई को मिलेगी नौकरी



सर्वेश के बच्चों को चेक देते कमिश्नर और डीएम। ● अमृत विचार

- डीएम कार्यालय में मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने परिजनों से की मुलाकात
- प्रशासनिक अधिकारियों के एक दिन के वेतन से एकत्र की गई थी यह राशि

बरेली, अमृत विचार: मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बीएलओ सर्वेश कुमार गंगवार की मृत्यु के बाद उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। मंगलवार को डीएम ने सर्वेश गंगवार के परिजनों को दफ्तर में बुलाकर 10 लाख रुपये की सहायता राशि सौंपी। डीएम ने परिजनों के सामने चेक दिए, जिसके तहत सर्वेश गंगवार के दोनों बच्चों को पांच-पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद दी गई। इस दौरान सर्वेश गंगवार के भाई भी मौजूद रहे। बताया गया कि यह राशि कल्याण कोष समिति के माध्यम से स्वीकृत की गई है।

कुछ दिन पहले भोजीपुरा ब्लॉक के परधौली स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत सहायक अध्यापक सर्वेश की बीएलओ ड्यूटी के दौरान हार्टअटैक से मौत हो गई थी। घटनाक्रम के अगले दिन डीएम ने अफसरों के साथ सर्वेश के घर जाकर परिवार से मुलाकात की और उन्हें 10 लाख रुपये का डमी चेक सौंपा था। डीएम ने बताया था कि यह राशि प्रशासनिक अधिकारियों के एक दिन के वेतन से एकत्र की गई, जो सर्वेश के दोनों बच्चों अहाना गंगवार और अयांश गंगवार के नाम से पांच-पांच लाख रुपये की एफडी के रूप में जमा की जाएगी। मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने कहा कि सर्वेश गंगवार का कार्य बीएलओ के रूप में बहुत अच्छा था। उन्होंने 46 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया था।

अचानक निधन से सभी को दुख है, जिला प्रशासन उनके परिवार के साथ है। सर्वेश के छोटे भाई को संविदा के आधार पर नौकरी दी जाएगी, ताकि परिवार को आर्थिक मदद मिल सके।

# न्याय मिलने तक जारी रहेगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कैंट क्षेत्र में एफआईआर की प्रतियां जलाते शिक्षक।

**अमृत विचार:** केन्द्रीय नेतृत्व अटेवा के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए 25 नवंबर को हुए आंदोलन के आयोजक विजेन्द्र धारीवाल और अन्य पर दिल्ली में एफआईआर दर्ज करने के विरोध में जिले के विभिन्न विद्यालयों, कार्यालयों में विरोध जताया गया और कहा कि जब तक न्याय नहीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

अटेवा बरेली जिला संयोजक डॉ. मुनीष कुमार गंगवार ने कहा कि जंतर-मंतर दिल्ली पर आयोजित अटेवा के पुरानी पेंशन बहाली और आरटीई से पूर्व टीईटी के विरोध कार्यक्रम के शांतिपूर्ण संपन्न होने के बावजूद नेशलन मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुखजीत सिंह, राष्ट्रीय संगठन सचिव विजेंदर धारीवाल, रेलवे के साथी सर्वजीत सिंह और रूपेश के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

जिले के सभी शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारियों ने अपने अपने कार्यस्थलों पर एफआईआर की प्रतीकात्मक कॉपी जलाकर विरोध किया और सरकार से अपील की सभी साथियों पर दर्ज एफआईआर को वापस लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन के अधिकार का सम्मान किया जाए।

# निजी अस्पताल में मरीज की मौत मामले की शासन को देंगे रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय से मिलीं उर्वेश की पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप
- सीएमओ को दिया जांच का आदेश, आर्थिक सहायता और विधवा पेंशन का आश्वासन

**अमृत विचार :** सौ फुटा रोड स्थित निजी अस्पताल में हुई मरीज की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी ने मंगलवार को महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय से सर्किट हाउस में मिलकर अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए।

कहा कि उनसे छह दिन में साढ़े पांच लाख रुपये वसूले गए और उनका आयुष्मान कार्ड भी कब्जे में ले लिया। महिला आयोग की सदस्य ने लक्ष्मी देवी और उसके बच्चों के लिए सरकार से आर्थिक सहायता का भरोसा दिलाया। लक्ष्मी देवी को विधवा पेंशन दिलाने का भी भरोसा दिलाया। इसके साथ ही पुष्पा पांडे ने सीएमओ डा. विश्राम से बात कर मामले की जानकारी ली और उन्हें मामले पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। झिंगरी गांव के उर्वेश यादव को बीते 25 सितंबर को परिजनों ने सौ फुटा रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। बताया जाता है कि जब मरीज को भर्ती कराया गया तब उसकी हालत बहुत खराब नहीं थी। परिवार का आरोप है कि उर्वेश का छह दिन तक इलाज किया गया और लाखों की दवाई लगाई गई पर परिवार को कोई संतुष्टि नहीं मिली। इस दौरान छठे दिन उर्वेश की मृत्यु हो गई। उर्वेश की पत्नी


सर्किट हाउस में मृतक उर्वेश की पत्नी से बात करतीं महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय।

लक्ष्मी देवी और उसके भाई ने सदस्य पुष्पा पांडे को बताया अस्पताल का मैनेजर खुद को डॉक्टर बताकर हमारे साथ दुर्व्यवहार करता था। उसने हमसे कहा था कि हम आयुष्मान कार्ड से आपका इलाज करेंगे। हमारा आयुष्मान कार्ड भी उसने कब्जे में ले लिया और अब तक नहीं दिया है। यही नहीं जब मरीज की मौत हो गयी तब पोस्टमार्टम कराने की बात कही। इस पर मैनेजर ने सादा कागज पर साइन करा लिए और हमसे कहा कि हम आपको योजना दिला देंगे और उसके बाद जब हम अस्पताल गए तो हमें धमकियां देने लगा। महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे ने फोन पर हुई वार्ता के दौरान कहा कि यह मामला सिर्फ ठगी का मामला नहीं है बल्कि एक बड़ी जालसाजी की ओर संकेत करता है।

उन्होंने कहा कि विधवा महिला के तीन बच्चे हैं और बहुत ही गरीब परिवार है और वह न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है। मामले में सीएमओ से बात की प्रकरण में जांच के आदेश दिए हैं। कहा कि वह पूरे प्रकरण की रिपोर्ट शासन को देंगी। जब तक परिवार को न्याय नहीं मिल जाता महिला आयोग इसमें कार्रवाई जारी रखेगा।

## सिटी डायरी

### संभव दिवस में जलभराव और कर विसंगतियों के मामले आए



बरेली, अमृत विचार : नगर निगम के मीटिंग कक्ष में मंगलवार को संभव दिवस में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक नौ शिकायतें पहुंची। अधिकारियों ने अतिक्रमण, निर्माण, सफाई और संपत्ति कर बिलों में आ रही गड़बड़ियों जैसी शिकायतों को सुना और कुछ का निस्तारण मौके पर कर अन्य शिकायतों को भी जल्द निस्तारित करने का आश्वासन दिया ।चक महमूद से करीब आठ लोग सभागार में पहुंचे। एक बुजुर्ग ने अधिकारी को पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ले सकलैन नगर में पक्की सड़क न होने से घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर जमा हो रहा है। इसकी वजह से काफी समय से जलभराव भी समस्या है। बच्चों को स्कूल जाने में काफी दिक्कत होती है। वहीं जो नाला बना हुआ है, वह भी काफी समय से चोक है। अधिकारियों ने टीम भेजकर मुआयना कर समस्याओं का निस्तारण करने की बात कही। इसके साथ ही संभव दिवस में गृहकर, नामांतरण विसंगति, गलियों में कूड़े के ढेर, नालियों की सफाई न होना संबंधी शिकायतों को भी अधिकारियों ने दर्ज कर निस्तारण का आश्वासन दिया।

### बच्चों ने पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय में किया एक्सपोजर विजिट

बरेली, अमृत विचार : राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 50 छात्र-छात्राओं ने गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर में पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कृषि और पशुपालन विषयों पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रथम दिवस में एलपीएम विभाग में डॉ. मोहित और डॉ. सुमित ने विभिन्न प्रजातियों के घोड़े, बकरी, गाय, सुअर व अन्य जानवरों के विषय में बताया। द्वितीय दिवस में सीआरसी विभाग में जैविक खेती और मशरूम के बारे में जानकारी दी गई। तृतीय दिवस में मत्स्य पालन विभाग में मछली पालन और मधुमक्खी पालन के बारे में बताया। चतुर्थ दिवस में कृषि विभाग में गृह विज्ञान और कृषि विज्ञान के बारे में जानकारी दी गई। पंचम दिवस में डेरी विभाग में डेरी प्रबन्धन, दुग्ध उत्पादन और पशुओं के चारे के बारे में बताया गया। एक्सपोजर विजिट में समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के जिला समन्वयक वीरेंद्र गंगवार, प्रो. राजेश कुमार शुक्ला, नंदनी अनामिका ने विशेष योगदान दिया। डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि एक्सपोजर विजिट से छात्रों को कृषि और पशुपालन के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानने का अवसर मिला और उन्हें अपने भविष्य के लिए प्रेरित किया गया।

### भौतिक विज्ञान विभाग के 100 वर्ष पूरे, 21 को पुरातन छात्र सम्मेलन

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज के भौतिक विज्ञान विभाग के 100 साल पूरे होने पर 21 दिसंबर को पहली बार पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए छात्रों के रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। पुरातन छात्र सम्मेलन के लिए बुधवार को एक बैठक आयोजित की जाएगी। भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी ने प्रो. वीपी सिंह ने बताया कि विभाग की स्थापना 1925 में हुई थी। विभाग के गौरवशाली इतिहास को उत्साहपूर्वक मनाने के लिए तैयारी की जा रही हैं। पहली बार 21 दिसंबर को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन कराया जा रहा है। इसमें विभाग में शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कई प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं। विभाग से स्नातक और परास्नातक की पढ़ाई करने वाले बहुत से विद्यार्थी देश के उच्च संस्थानों में रहकर कॉलेज और विभाग के नाम को आगे बढ़ा रहें। छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर इसरो, डीआरडीओ, बीएआरसी, ओएनजीसी में कार्यरत हैं। उनके अलावा यहां पढ़ाई करने वाले छात्र आगे चलकर देश में नाम को रोशन करेंगे।

### राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज में हुआ ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम



बरेली, अमृत विचार : भारतीय चिकित्सा प्रणाली राष्ट्रीय आयोग के निर्देश पर मंगलवार को एसआरएम राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एंव चिकित्सालय में प्राचार्य प्रो. प्रीती शर्मा के निर्देशन में आगंतुक इंटर्न बीएएमएस 2020 बैच के छात्रों के लिए ट्रांजिशनल करिकुलम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डॉ. मधु ने मेडिकल एथिक्स पर, डॉ. रिंकी और संगीता ने मेडिकल एटिकेट्स, डॉ. निकिता खेतवाल ने अवेयरनेस एंड ओरिएंटेशन ऑफ नाभ और डॉ. रीता ने बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय कुमार यादव ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रीति शर्मा, डॉ. मनोज कुरील, डॉ. दीपक कुमार ने की। कार्यक्रम में डॉ. स्वाति सिंह, डॉ. विपुल शुक्ला, डॉ. मधु, डॉ. रिंकी, डॉ. जय प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री पुरस्कार के लिए पांच ग्राम पंचायतें चयनित

- चयनित पंचायत को 10 से 35 लाख रुपये तक की मिलेगी अतिरिक्त धनराशि

**बरेली, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार योजना में जिले की पांच ग्राम पंचायतों का चयन कर लिया गया है। राज्य स्तरीय कमेटी की रिपोर्ट पर शासन के विकास समेत अन्य बिंदुओं के मानकों पर खरी उतरी इन पंचायतों को इनाम स्वरूप 10 से 35 लाख रुपये तक अतिरिक्त धनराशि मिलेगी।

श्रेष्ठता के अनुसार ग्राम पंचायतों को द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ व पंचम पुरस्कार के लिए चयनित किया जाएगा। मुख्यमंत्री पंचायत ग्राम पुरस्कार योजना के तहत जनपद में 204 ग्राम पंचायतों ने दावेदार ठोकी थी। आवेदन करने वाली ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 15 ग्राम पंचायतों का सामान्य परीक्षण एवं सत्यापन जनपद स्तरीय अधिकारियों ने किया। जिसमें सबसे अधिक अच्छा कार्य कराने वाली दमखोदा ब्लॉक की पिपरा नानकार, भोजीपुरा की बंजरिया जागीर, दमखोदा की मूसापुर उर्फ घाटगांव, मझगवां की सत्तारनगर और मीरगंज की नगरिया सादात का चयन किया गया। डीपीआरओ कमल किशोर ने बताया कि योजना में ग्राम पंचायतों का चयन नौ थीम पर होता है। प्रथम को 35 लाख, द्वितीय 30, तृतीय 20, चतुर्थ 15 व पंचम को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे। इस धनराशि से ग्राम पंचायतें गांव में अतिरिक्त विकास कार्य करा सकते हैं।

# अयोध्या में रामायण मेले में दिया संबोधन

**बरेली, अमृत विचार:** सीताराम विवाह के अवसर पर रामायण मेला समिति अयोध्या धाम की ओर आयोजित रामायण मेले के समापन पर बाल रामायण पुस्तक पर भी संबोधन हुआ। इस अवसर पर बाल रामायण के लेखक डॉ. दीपंकर गुप्त ने मंच से कहा कि वह बरेली मंडल में ही नहीं पूरे प्रदेश के साथ दिल्ली और अन्य प्रदेशों में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण के लिए दो वर्षों से प्रयासरत हैं। इस मौके पर उनके साथ समिति के महामंत्री कमलेश सिंह, कार्यालय मंत्री नंदकुमार मिश्र और महंत गिरीशपति त्रिपाठी रहे।

# प्रदर्शनी में बढ़ी चहल-पहल

**बरेली, अमृत विचार:** स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए बिशप मंडल इंटर कॉलेज के मैदान पर खादी ग्रामोद्योग विभाग की ओर से 10 दिसंबर तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में सौ से अधिक कपड़ों, खाद्य वस्तुओं आदि के स्टॉल लगाए हैं। ग्रामीण उद्योगों, छोटे उद्यमियों और कारीगरों को एक ही छत के नीचे अपनी कला-कौशल बेचने के लिए प्रदर्शनी लगाई गई है।

जिसमें लोग अपनी पसंद के सामान की खरीददारी करने पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनी में बीकानेर की भुजिया, आचार, मुरब्बा, सिरका, बनारसी साड़ी, लैदर के जूते, उत्तराखंड की टोपी, बिहार के सिल्क के कपड़े, देसी जड़ी-बूटियां, कालीन आदि के स्टॉल लगे हैं। प्रदर्शनी का उद्घाटन सोमवार हो हुआ था। दूसरे दिन मंगलवार को ग्राहकों की चहल-पहल भी दिखाई दी। महिलाओं ने कश्मीरी गर्म कपड़ों के स्टॉल पर शॉल और अन्य कपड़े पसंद किए। अचार, पापड़ के शौकीन लोगों ने भी खरीददारी की। इसी दौरान लोगों ने प्रदर्शनी में रखे हुए चरखा के साथ फोटो भी लिए। प्रदर्शनी में आए हुए दुकानदार भी उत्साहित हैं। प्रदर्शनी में आए दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्ष अच्छी आय हुई थी और इस बार भी अच्छी आय की उम्मीद है। दुकानदारों ने बताया कि इस वर्ष पिछले वर्ष से अधिक स्टॉल लगाए हैं जो सारे भर चुके हैं।

परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि लोगों से अपील की कि प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और स्वदेशी उत्पाद खरीदकर कारीगरों, शिल्पियों, बुनकरों का उत्साहवर्धन करें। प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक लोगों के लिए खुली रहेगी।

### इस बार बेहतर आय की उम्मीद


मुरादाबाद का रहने वाला हूं। कास्ट आयरन के शोपीस खुद तैयार करके बेचता हूं। यह शोपीस चीनी वाले से हल्के और टिकाऊ होते हैं, जो गिरने पर टूटते भी नहीं है और घर की शोभा भी बढ़ाते हैं। **-जुल्फिकार**, दुकानदार


हम पिंजरा जाति के हैं और हमारा काम रजाई-गद्दे आदि तैयार करना है। गर्म पायदान, जूते, बैठने के आसान घर पर ही तैयार किए जाते हैं, जिन्हें हम नार्मल पैसों में ग्राहकों को बेच रहे हैं। **-अहमद जब्बार**, दुकानदार


प्रदर्शनी में मिट्टी के कुकर, तबा, बोतल, थाली, कटोरी आदि बर्तन स्टॉल लगाया है। लोग मिट्टी के बर्तनों को खूब पसंद कर रहे हैं। इनमें बनाया गया खाना बहुत स्वादिष्ट होता है। **-प्रेम**, दुकानदार


नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ

डा. आरिफ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai




मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक

नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री

सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)

सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786

## शहर में आज

- राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख की सर्किट हाउस में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक दोपहर 1:15 बजे।
- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर समारोह भारत सेवा ट्रस्ट सभागार में शाम 4 बजे।
- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर जीवनधारा का 33 वां स्थापना दिवस आईएमए ऑडिटोरियम सभागार में शाम 4:15 बजे।

## सिटी ब्रीफ

### श्री हरि मंदिर में हुआ संकीर्तन

**बरेली, अमृत विचार :** मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में मंगलवार सुबह पंडित सुनील शास्त्री ने हनुमान जी का विधिवत पूजन और श्रृंगार किया। शाम के सत्र में श्री हरि संकीर्तन मंडल ने भजनों की रसधार बहाई। रवि छाबड़ा ने है दुख भंजन मारुति नंदन, संजय आनंद ने मंगल मूर्ति राम दुलारे, पंकज ने आज मंगलवार है भजन गाए। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और हनुमान जी की सामूहिक आरती हुई। शयन आरती के बाद भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर अध्यक्ष सुशील अरोरा, अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनन्द, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार आदि लोग रहे।

### वंदेमातरम के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में स्कूलों में होंगे कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में वंदेमातरम के 150 वर्ष होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रमों को आयोजन किया जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने सभी बेसिक खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर सभी विद्यालयों में कार्यक्रम कराने का आदेश दिया है। जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में दिसंबर से जनवरी, अप्रैल, अगस्त से नवंबर 2026 तक कार्यक्रम कराए जाएंगे। दिसंबर माह में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें बताया गया है कि माय गॉव पोर्टल पर राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जाए। विजयी छात्र-छात्राओं को बैज या प्रमाण पत्र भी दिए जा सकते हैं।

### कैंडल लाइट सर्विस के लिए हुई बैठक

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर स्थित इंटरडिपेंडेंट बैप्टिस्ट चर्च में 20 दिसंबर को होने वाली कैंडल लाइट सर्विस के लिए मंगलवार को चर्च की वुमन ऑग्जीलियरी अध्यक्ष ललिता सैमुअल की अध्यक्षता में विशेष मीटिंग हुई। ललिता सैमुअल ने बताया कि प्रभु यीशु मसीह ने कहा मैं जगत की ज्योति हूँ, इस आधार को लेकर ईसाई समाज के अंदर कैंडल लाइट सर्विस का बड़ा महत्व है। सचिव मनीषा सिंह, मीना लेखराज, सरिता कठेरिया ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में कैरोल, वचन, प्रवचन, प्रार्थनाएं, बाइबिल पाठ आदि कार्यक्रम किए जाएंगे। सेंटा क्लॉज आकर उन्हें उपहार वितरित करेंगे। मीटिंग में सुषमा राजेश, प्रभा एस कुमार, पिंकी मैसी, अंशिका सैमुअल मौजूद रहीं।

# बरेली ने जीती अंतर्जनपदीय जोन पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता

## प्रतियोगिता के फाइनल मैच में अमरोहा को 40 रनों से दी करारी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पर आयोजित 26वीं अंतर्जनपदीय बरेली जोन पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बरेली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमरोहा को 40 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में बरेली जोन के सभी 9 जनपदों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि एडीजी रमित शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच में अमरोहा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बरेली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 236 रन बनाए। बरेली की ओर से अवनीश चपराना ने 75 रन, कमल चंदेल ने 69 रन, सहायक पुलिस अधीक्षक शिवम आशुतोष ने 19 रन, विकास राघव ने 33 रनों का योगदान दिया। जनपद अमरोहा की ओर से अभिषेक गिल ने 4 ओवरों में 39 रन देकर 2 विकेट हासिल किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमरोहा की टीम 18.3 ओवरों में 196 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। अमरोहा की ओर से अतुल चौधरी ने 82 रन और चेतन ने 47 ने की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। बरेली की ओर से गेंदबाजी करते हुए कमल चंदेल ने 4 ओवरों में 31 रन देकर 4 विकेट हासिल किये। प्रतियोगिता की 5 पारियों में 310 रन बनाकर और 9 विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन करने वाले बरेली के अवनीश चपराना को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया। फाइनल मैच में मैन-ऑफ-द-मैच बरेली के कमल चंदेल, प्रतियोगिता में बेस्ट बॉलर का खिताब अमरोहा के अभिषेक गिल, बरेली के शशिकांत ने बेस्ट फील्डर का खिताब हासिल किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडीजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा, एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्र, एसपी ट्रैफिक मो. अकमल खान, एसपी अपराध मनीष चंद सोनकर, सहायक पुलिस अधीक्षक व सीओ नगर द्वितीय सोनाली मिश्रा, सीओ कार्यालय हर्ष मोदी, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक अमरीक सिंह उपस्थित रहे। मंच का संचालन सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक जगदीश सिंह पाटनी, कार्यक्रम की व्यवस्था प्रतिसार निरीक्षक हरमीत सिंह ने की।



विजेता बरेली टीम के साथ एडीजी, एसएसपी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार


मैच में शॉट मारता बल्लेबाज।

## श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ विश्राम

**बरेली, अमृत विचार:** राजेन्द्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का मंगलवार को विश्राम हो गया।



कथा व्यास राधे दास ने हरि अनंत हरि कथा अनंता पंक्ति के भावार्थ को सुंदर ढंग से समझाते हुए भगवान की लीलाओं की महिमा का वर्णन किया।

उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग, द्वारिका वासियों और बृजवासियों के सौ वर्षों बाद भावनात्मक मिलन आदि प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। इसके बाद उन्होंने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया जिसमें सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की निष्कपट मित्रता ने उपस्थित सभी भक्तों के हृदय को स्पर्श किया। कथा के अंतिम चरण में परीक्षित मोक्ष की पवित्र कथा का श्रवण कराया, जिसने भक्तों को जीवन की नश्वरता और भगवान के नाम का महत्व समझाया। कथा विश्राम के बाद भक्तों को भंडारा प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद ग्रोवर, अश्वनी अरोड़ा, विजय गुप्ता, मनोहर धीरवानी, विजय बंसल, सुनील गुप्ता, संजीव गुलाटी, रमेश खंडेलवाल आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# खेलो इंडिया एथलेटिक्स में गौरव ने जीता कांस्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- एसएस कॉलेज के छात्र ने 15 सौ मीटर दौड़ 4:11.56 मिनट में पूरी की

**अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध एसएस कॉलेज शाहजहांपुर के छात्र गौरव ने जयपुर में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 1500 मीटर दौड़ को 4:11.56 मिनट में पूरा कर कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। गौरव सत्र 2025-26 में ऑल इंडिया प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभाग करेंगे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने छात्र की उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

कुलपति ने खिलाड़ी की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर के खेलो इंडिया जैसे मंच पर कांस्य पदक जीतना कोई छोटी बात नहीं हैं। यह न केवल गौरव के अथक परिश्रम, बल्कि उसके कोच और परिवार के समर्पण का परिणाम है। गौरव ने साबित किया है कि हमारा विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय पहचान बना रहा हैं। कुलसचिव हरीश चन्द, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो. एसएस बेदी, सह-क्रीड़ा सचिव डॉ. विजय सिंहल, डॉ. अजीत सिंह, सहायक क्रीड़ा सचिव डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. इरम नईम, डॉ. नीरज कुमार, खेलो इंडिया टीम प्रबंधक डॉ. जितेंद्र परमार व खेलो इंडिया एथलेटिक प्रशिक्षक जेएस द्विवेदी ने भी गौरव को शुभकामनाएं दीं।

### बरेली कॉलेज में महिला बैडमिंटन के ट्रायल आज

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को विश्वविद्यालय परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग करने के लिए बरेली कॉलेज की टीम का चयन ट्रायल के माध्यम से कॉलेज में बुधवार को होंगे। क्रीड़ा सचिव विवेक डागर ने बताया कि सभी खिलाड़ियों को अपने जरूरी कागजात के साथ ट्रायल में सम्मिलित होना होगा।

## राजभाषा नीति के अनुपालन पर जोर


कार्यशाला में मौजूद अधिकारी और कर्मचारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** आयकर भवन में मंगलवार को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आयकर विभाग और नराकास, बरेली के तहत केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों से 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयकर अधिकारी, मुख्यालय राजीव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलन करके हिन्दी कार्यशाला का शुभारंभ किया और सभी कर्मचारियों को इस कार्यशाला में प्राप्त जानकारी का अपने कार्यों में अधिकाधिक उपयोग करने पर बल दिया।

कार्यशाला में बैंक ऑफ बड़ौदा अंचल कार्यालय से आए अनूप गर्ग, वरिष्ठ प्रबंधक और महिपाल चौहान मुख्य प्रबंधक ने ऑनलाइन कार्यों में हिन्दी की उपयोगिता और हिन्दी कार्यों में ई-टूल्स के प्रयोग की जानकारी प्रदान की। सहायक निदेशक राजभाषा रहमत इस्लाम ने राजभाषा नियम और अधिनियम से संबंधित जानकारी से प्रतिभागियों को अवगत करवाया। वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी राहुल शुक्ला ने प्रतिभागियों को अनुवाद टूल कंठस्थ के बारे में जानकारी और हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रधान आयकर आयुक्त राधे श्याम के निर्देशन और मुख्य आयकर आयुक्त अनीता सिन्हा के मार्गदर्शन में तिमाही कार्यशाला संपन्न हुई।

## विवि परिसर में बिना आई-कार्ड आने वालों को रोका

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती की गई। सुरक्षा प्रभारी सुधांशु शर्मा ने सुबह से परिसर में वाहनों से आने-जाने वाले छात्रों के आई-कार्ड की जांच की। जिन छात्रों के पास आई-कार्ड नहीं मिला, उन्हें वहीं रोका गया। बाद में सुरक्षा प्रभारी ने उनके संबंधित विभागाध्यक्षों से संपर्क कर पहचान सत्यापित की और चेतावनी देते हुए उन्हें आगे आई-कार्ड साथ रखने की शर्त पर जाने दिया।सुरक्षा प्रभारी ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में बाहरी लोगों की आवाजाही रोकने और छात्र सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए चेकिंग की जा रही है। कुछ राहगीर भी विश्वविद्यालय मार्ग से निकलने की कोशिश करते पाए गए। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें स्पष्ट किया कि यह आम रास्ता नहीं हैं, इसलिए उन्हें तुरंत वापस लौटा दिया गया।

# विधायक खेल स्पर्धा: वालीबॉल में फरीदपुर क्लब विजेता


कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विभाग दल की ओर से विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन मंगलवार को फरीदपुर विधानसभा क्षेत्र में सीएएस इंटर कॉलेज में किया गया।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर की दौड़, गोला फेंक, चक्का फेंक, भाला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद और टीम गेम में कबड्डी, वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जूनियर वर्ग में बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सुर्जन गुर्जर, 200 मीटर में शिवम गंगवार, 400 मीटर में अर्जुन सिंह, 800 मीटर में विपिन सागर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में साधना, 200 मीटर में क्रांति, 400 मीटर में भूमिका, 800 में राधा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबाल में फरीदपुर क्लब, कबड्डी में कपूरपुर की टीम विजेता रही।

इससे पहले मुख्य अतिथि विधायक प्रो. श्याम बिहारी ने फीता काटकर और गुब्बारे को छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाएं कम नही हैं। अगर उनको सही मंच मिलेगा, तो वह बहुत आगे तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। विधायक ने प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया। निर्णायक रूप में योगेंद्र पुनिया, राजेश, दीक्षा, मनोज कुमार, सुधीर कुमार, सैश्यद सरफराज अहमद, सुशील कुमार, राहुल सिंह, संजीव कुमार, शिवराज रहे। इस अवसर पर फरीदपुर प्रधान संघ अध्यक्ष ओमवीर गुर्जर, सीएएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश शर्मा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अंकुर कुशवाह, ब्लॉक पीटीआई भुता संतोष सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन अनुज कुमार एवं संतोष पांडेय ने किया।


विधायक खेल स्पर्धा में दौड़ में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार


विधायक प्रो. श्याम बिहारी का स्वागत करते पदाधिकारी।

- 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग में सुर्जन गुर्जर और बालिका में साधना प्रथम
- प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी और विधायक का स्वागत

# छात्रवृत्ति फॉर्म पर हस्ताक्षर को शिक्षक और विद्यार्थी भिड़े

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में छात्रवृत्ति के फॉर्म जमा करने को लेकर रोजाना छात्रों की भीड़ उमड़ रही है। छात्रों के फॉर्म पर अनिवार्य 75 प्रतिशत उपस्थिति के साथ विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर होने आवश्यक हैं। इसके बाद ही वह अपना फार्म काउंटर पर जमा कर सकते हैं। जिन के फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं हैं, वह विभाग में जाकर विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर करा रहे हैं। मंगलवार को कॉलेज के एक विभाग में छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति फॉर्म पर हस्ताक्षर के लिए पहुंचे। विभाग में उपस्थित शिक्षक ने छात्रों के फॉर्म पर कक्षाओं में न आने की बात कहकर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया।

इस कारण छात्र- छात्राएं उग्र हुए और शिक्षक से अभद्रता करने लगे। मामला इतना बढ़ गया कि दूसरे विभाग के शिक्षकों को आकर बीचबचाव करना पड़ा। विभाग के शिक्षक अपनी बात पर अटल रहे कि छात्रों ने कक्षाएं नहीं ली हैं। इसके कारण इनके फॉर्म पर हस्ताक्षर नहीं करूंगा।


Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE

द्वारा IVF कैम्प

दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर

RiSAA IVF Creating life.... completing families.

अब अधूरे सपने होंगे पूरे

निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर

परामर्श शुल्क मुफ्त

दिन : 8 दिसम्बर 2025 दिन सोमवार

समय : प्रातः 10:00 से 01 बजे तक



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

उपलब्ध सुविधायें :-

★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें सस्ती दरों पर
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) मार्केट रेट से 35% की छूट पर
★ लैब टेस्ट पर भारी छूट
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 150/- में

विशेषतायें:-

★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....

स्थान : IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल

सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 6398018900, 8171925965


## श्मशान भूमि में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा लगाने की मांग की


सिटी श्मसान भूमि में राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाते पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने श्मशान भूमि पर पौधरोपण किया

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 142 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर सिटी श्मशान भूमि में पौधारोपण एवं विचार गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश उपमेंद्र सक्सेना ने की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया।

कार्यक्रम में उपमेंद्र ने सिटी श्मशान भूमि में डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद एक सच्चे देशभक्त और एक महान नेता थे। उन्हें भारत की स्वतंत्रता और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका के कारण दो बार जेल भी जाना पड़ा। श्मशान भूमि पर मंगलवार को नीम, आम, जामुन, बेल एवं अमरूद आदि के पौधे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

चित्रांश योगेश जौहरी ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद सादगी और शालीनता की मिसाल थे। नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। उनकी विचारधारा आज भी नई पीढ़ी को प्रेरित करती है। इस अवसर पर जगदीश शरण सक्सेना, जगदीश निमिष, सुनील सक्सेना, विनीत सक्सेना, राकेश सक्सेना, अनुज सक्सेना, विपिन कुमार, विपुल कुमार, संजय सक्सेना आदि उपस्थित रहे। संचालन शंकर स्वरूप सक्सेना ने किया।

## सिटी डायरी

### शिविर में पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया

**बरेली, अमृत विचार :** इस्लामिया इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत लक्ष्य गीत से हुई। कार्यक्रम अधिकारी फरहान अहमद ने बताया कि 1984 में भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों की याद में और बढ़ते प्रदूषण के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज का दिन मनाया जाता है। दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि राजकीय हाई स्कूल करतौली के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार सक्सेना ने वॉलिंटियर्स को सड़क सुरक्षा के उपाय बताए और यातायात के नियम समझाए। हेलमेट पहनने, नशे में गाड़ी न चलाने, सीट बेल्ट पहनकर कार चलाने के लिए जागरूक किया। इससे पहले छात्रों ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर शहर में रैली निकाली और प्रदूषण से होने वाली समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर आदर्श सक्सेना, आदर्श श्रीवास्तव, आयुष गुप्ता, बादशाह, दीपक सिंह और देवराज कश्यप सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।







### विद्यार्थी बने शूटिंग चैंपियन

**बरेली, अमृत विचार :** जीआरएम स्कूल की टीम ने दिल्ली के द्वारका में सेपियंस शूटिंग क्लब की ओर से 4वें सेपियंस शूटिंग चैलेंजर कप में भाग लिया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और पंजाब के 600 शूटर्स ने प्रतिभाग किया था। जीआरएम स्कूल के अर्क पालीवाल, श्रेय सक्सेना, ओम गंगवार ने अंडर-16 कैटेगरी में 10 मीटर एयर राइफल में शानदार प्रदर्शन किया। श्रेय और ओम ने स्वर्ण पदक और अर्क ने रजत पदक जीता। शूटिंग के नेशनल कोच दीपक कुमार चौबे ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये। विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल, प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत, रजनीश त्रिवेदी ने तीनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान कीं।



### बच्चों ने बनाई मानव श्रखंला

**बरेली, अमृत विचार :** राजकीय संकेत स्कूल के दिव्यांग बच्चों ने विश्व दिव्यांग दिवस की पूर्व संध्या पर 3 दिसंबर का स्वरूप दर्शाते हुए 70 बच्चों ने एक मानव श्रृंखला का निर्माण किया। इसका निर्माण डॉ. बलवंत सिंह, डॉ. शिवी अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ. बलवंत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को प्रेरित करना और संदेश देना था कि दिव्यांग बच्चे भी हर वह कार्य कर सकते हैं जो अन्य बच्चे कर सकते हैं। डॉ. शिवी अग्रवाल ने बताया कि इन बच्चों को को भी हमें सामान्य बच्चों की तरह ही स्वीकार करना चाहिए। उपनिदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग संगीता सिंह और जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह ने बच्चों के प्रयास की सराहना की।

### विद्यार्थियों के लिए आध्यात्मिक ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की ओर से खुश लोक चैरिटेबल सभागार में गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए आध्यात्मिक ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. ऋचा दीक्षित रहीं। श्रीमद् भागवत गीता पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देकर विराज ने प्रथम और आर्यांश प्रताप ने द्वितीय पुरस्कार जीता। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. दीपमाला ने बच्चों को संस्कारी एवं धार्मिक होने की प्रेरणा दी। निर्णायक मंडल में गीता सिंह, तरुण कपूर और मोनिका लूथरा रहीं। विहिप के महानगर उपाध्यक्ष राजेश पाठक, साधना सिंह चौहान, रानी, हिना भोजवानी, नंदिनी अग्रवाल अनीता सोलंकी आदि मौजूद रहीं।

